# बिहार विधान परिषद

**205वांं शीतकालीन सत्र**

**लिखित उत्तर के लिए अल्पसूचित प्रश्न**

## 7 नवंबर 2023

----

: [**ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** ].

**अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या- 14**

----

### टहनियों की छंटाई

1. **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत राजीव नगर स्थित रोड नं.-16 में दर्जनों मकानों में लगे पेड़ों की टहनियां विद्युत तार एवं पोल पर झुकी हुई हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इन टहनियां के दबाव के कारण विद्युत तार के टूटने एवं पोल के गिरने से हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी हुई है;

(ग) क्या यह सही है कि इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल पाटलिपुत्रा को स्थानीय लोगों द्वारा मिलकर कई बार सूचित किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्युत तार एवं पोल पर झुकी इन टहनियों की छंटाई कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

### पानी की गुणवत्ता

2. **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार ने राज्य में 'हर घर नल जल योजना' के तहत सभी ग्रामीण परिवारों को जल पहुंचाने का प्रमुख पड़ाव हासिल कर लिया है;

(ख) क्या यह सही है कि गांव में घर-घर तक जल पहुंचाने के साथ-साथ पानी की गुणवत्ता बनाए रखने एवं इसके दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस योजना के सफल कार्यान्वयन एवं प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु बनायी गयी कार्य योजना से सदन को अवगत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जल संकट दूर करने की व्यवस्था

3. **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में प्रत्येक वर्ष भू-जल नीचे जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि भू-जल नीचे जाने से पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि भू-जल नीचे जाने के कारण कई बोरिंग एवं चापाकल में पानी आना बंद हो गया है;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य की नई नदियों में जल की कमी की वजह से नदियों के सूखने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भू-जल के स्तर को ऊपर लाने, जल संकट दूर करने के संबंध में कौन-सी ठोस कार्य योजना को क्रियान्वित करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## बिजली की आपूर्ति

4. **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले में 34 मेगावाट बिजली की जरूरत है परंतु 15 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि बिजली की कटौती से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में 12 से 15 घंटा ही बिजली मिल रही है जिसके कारण व्यवसायी और घरेलू उपभोक्ता परेशान

हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नल - जल की व्यवस्था

5. **श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत विक्रम प्रखण्ड की पतुत ग्राम पंचायत के पतुत ग्राम में उच्चस्तरीय वाटर टैंक है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ग्राम के वार्ड नं.- 11 पतुत ग्राम के महादलित टोला के लगभग 50 घरों में नल-जल का पानी नहीं पहुंच रहा है तथा वार्ड नं- 05 में प्रतिदिन नल का जल ही सप्लाई नहीं होता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टोला के घरों में नल का जल पहुंचाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

6. **डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज प्रखंड की पांच पंचायत (गाक्षापर, टेउसा, बेलवा, चकला एवं दौला) में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा चयनित सफाई कर्मी 100/- (एक सौ) रु. प्रतिदिन के हिसाब से काम करते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इन सफाई कर्मियों का चयन दस माह पूर्व हुआ था, परंतु इनकी मजदूरी का भुगतान तीन माह का हुआ और शेष बाकी है;

(ग) क्या यह सही है कि बकाया राशि का भुगतान न होने कारण उक्त सफाई कर्मियों के सामने भुखमरी की समस्या हो गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सफाई कर्मी की बकाया राशि के भुगतान करने का विचार रखती है यदि हो तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नियमित करने पर विचार

7. **श्री जनक राम (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में आशा/ममता की नियुक्ति की गई, जो बच्चों के प्रस्व के समय अस्पताल लाने एवं उपचार कराने में सहयोग करती हैं;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा आशा/ममता को दैनिक भाता ही देय होता है जबकि इनके द्वारा आधी-आधी रात को भी अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार द्वारा इन्हें उचित मानदेय देने एवं नियमित करने हेतु विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उपस्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

8. **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत सरकार से प्राप्त Health Centre Grant राशि से ग्रामीण स्थानीय निकाय भवनहीन उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण जिला परिषद् से कराया जाना है ;

(ख) क्या यह सही है कि नीमचक बथानी प्रखंड के नीमचक गांव में पहले से पी.एच.सी. स्वास्थ्य केन्द्र चल रहा है एवं सी.एच.सी. स्वास्थ्य केन्द्र निर्माणाधीन है;

(ग) क्या यह सही है कि नीमचक बथानी की पंचायत नैयली के ग्राम संरौजी में कोई भी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है और यह गांव नीमचक बथानी से 15 कि.मी. की दूरी पर है, जिससे कि संरौजी की जनता को इलाज के लिए नीमचक बथानी जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार Health Centre Grant की राशि से उक्त पंचायत के ग्राम संरौजी में उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने संबंधी आदेश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण

9. **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अंतर्गत लौना ग्राम में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवनव निर्माण की स्वीकृति दो वर्ष पहले हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि लौना ग्राम के भू-दाता द्वारा स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन हेतु महामहिम राज्यपाल बिहार के नाम से पर्याप्त जमीन भी निबंधित कर दी गई हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दान दी गई जमीन पर स्वास्थ्य उपकेन्द्र लौना का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ट्रांसफार्मर की व्यवस्था

10. **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि सदर अस्पताल, नवादा में सिटी स्कैन उपकरण लगाने की प्रक्रिया चल रही है;

(ख) क्या यह सही है कि सिटी स्कैन उपकरण चालू करने के लिए 100 के.वी. ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर अस्पताल, नवादा में 100 के.वी. ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पेयजल की आपूर्ति

11. **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड नं.- 25, 26 एवं 27 में नल - जल योजना के तहत पेय जल की आपूर्ति हेतु बोरिंग किये जाने के बावजूद पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि तेलिया मंदिर के समीप बोरिंग रने एवं पाइप बिछाने में कई प्रकार की अनियमितता बरती जाने के कारण ही पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है, इस संबंध में वार्ड नं.- 27 के वार्ड पार्षद श्री रमेश कुमार ने कई बार विभागीय पदाधिकारी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड ‘क’ में

वर्णित वार्डों में पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से कराने के संबंध में कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है?

----

## किसानों को बिजली उपलब्ध कबतक

12. **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में कृषि करने हेतु विद्युत कनेक्शन पहुंचाने की घोषणा सरकार द्वारा की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार की घोषणा के वर्षों बीत जाने के बाद भी पश्चिमी चम्पारण के अत्यधिक कृषि क्षेत्रों में सैकड़ों हेक्टेयर खेती तक बिजली नहीं पहुंच पायी है और किसान महंगे दर पर बिजली बील का भुगतान कर खेत पटवन का कार्य कर रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त जिला के किसानों को खेती कार्य के लिए बिजली कनेक्शन देने छैन शिविर लगाया गया, लेकिन आज तक किसानों को कनेक्शन नहीं दिया गया;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कृषि कार्य के लिए अलग से ट्रांसफार्मर, तार एवं पोल लगाकर कबतक किसानों को बिजली उपलब्ध कराना चाहती है?

----

## P.P/A.P.P बनाने पर विचार

13. **श्री जनक राम (मनोनीत):**

क्या **विधि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी जिलों में pp/app की अधिसूचना सरकार के द्वारा की जाती है, जिससे अनु. जाति रविदास समाज के वकील/कानूनविद को मौका नहीं मिला;

(ख) क्या यह सही है कि अनु. जाति समाज के वकील/कानूनविद को pp/app में नियुक्ति में सरकार द्वारा नजरअंदाज किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी जिलों में अनु. जाति के वकील अनुमान्यता के आधार पर बनाने पर विचार करती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई पर विचार

14. **श्री जनक राम (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के निजी क्षेत्र में संचालित नर्सिंग प्रशिक्षण विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के मान्यता प्राप्त ए.एन.एम. स्कूल / जी.एन.एम. संस्थान एवं बी.एस.सी. नर्सिंग संस्थान में विभाग द्वारा शिक्षण शुल्क का निर्धारण किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के निजी क्षेत्र में संचालित नर्सिंग प्रशिक्षण विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के मान्यता प्राप्त ए.एन.एम. स्कूल/जी.एन.एम. संस्थान एवं बी.एस.सी नर्सिंग संस्थान में विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क की जानकारी के अभाव में संस्था द्वारा मनचाही राशि की वसूली की जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के निजी नर्सिंग संस्थानों में विभाग द्वारा निर्धारित की गई शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त कई गुणा अधिक राशि की वसूली छात्र-छात्राओं से करते हैं, तो क्या विभाग ऐसे निजी नर्सिंग संस्थानों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----